## खबर संक्षेप



### मेयर रेणु बाला गुप्ता को दी बधाई

**करनाल।** छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) का प्रतिनिधिमंडल रविवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता से मिला और अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। समिति की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। समिति प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि मेयर रेणु बाला गुप्ता के नेतृत्व में करनाल की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनी है। हाल ही में करनाल स्वच्छता रैंकिंग में देशभर में तीसरे स्थान पर रहा, जो उनकी मेहनत का परिणाम है।



### जीएसटी की दरों में कमी करना ऐतिहासिक निर्णय

**तरावड़ी।** केन्द्र व प्रदेश सरकार ने जनहित में अनेक योजनाएं लागू की है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जीएसटी दरों का युक्तिकरण कर अब प्रमुख दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत प्रथम नवरात्रों से लागू होंगी। इससे कर प्रणाली और सरल होगी और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यह शब्द गोयल इन्टरनैशनल एक्स प्रा. लि. के एमडी विजय गोयल ने जीएसटी परिषद के निर्णयों का स्वागत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,परिषद के सभी सदस्यों के दूरदर्शी नेतृत्व में लिए गए निर्णय आम नागरिकों, किसानों, उद्योगों और व्यापार जगत को बड़ी एवं राहत देने वाले हैं। उद्योगपति विजय गोयल ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर घटाकर जनता की जेब पर पडऩे वाला बोझ कम किया गया है। उन्होंने कहा कि रोटी, परांठा जैसी वस्तुएं अब करमुक्त होंगी।

## शोभायात्रा पर शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# गणेश महोत्सव के समापन पर उमड़ी भक्तों की भीड़

पिछले दस दिनों से चल रहे भक्ति पर्व का समापन विसर्जन के साथ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भगवान परशुराम मंदिर घरौंडा में श्री गणेश उत्सव का समापन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के बीच किया गया। पिछले दस दिनों से चल रहे भक्ति पर्व का आज समापन भगवान श्री गणेश जी की शोभायात्रा और यमुना नदी में विधिवत विसर्जन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रसिद्ध समाजसेवी पिंटू राणा ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश उत्सव भारतीय संस्कृति और आस्था का जीवंत प्रतीक है, जो समाज को एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है।

सुबह से ही मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और आरती से गूंजता रहा। दोपहर बाद भगवान गणेश जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों की थाप और /"गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ/" के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा पर शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा परंपरागत मार्गों से होती हुई जीत पुरी मंदिर, रेलवे रोड, मंडी मनीराम, एसडी मंदिर रोड से गुजरते हुए दिल्ली चुंगी स्थित पुल के नीचे पहुंची, जहां से इसे लालूपुरा स्थित यमुना घाट की ओर ले जाया गया। यहां पुजारी पंडित कृष्ण कौशिक की अगुवाई में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश का विधिविधान से जल में विसर्जन किया गया। इस धार्मिक अवसर पर शोभा यात्रा में ब्राह्मण सभा घरौंडा के प्रधान ललित शर्मा, पूर्व तहसीलदार अनिल कौशिक, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कौशिक, सतीश पंडित, ओंकार शर्मा, रोहित कौशिक, प्रदीप कौशिक, कमल धीमान,सुशील कौशिक, अनुराग कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार तेजबहादुर टिक्कू नंदवाल,जयभगवान सैन, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सैकड़ों महिलाएं शामिल रही। गौरतलब है कि परशुराम मंदिर में बीते 10 दिनों से गणेश जन्मोत्सव को लेकर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान प्रतिदिन भक्ति संगीत, झांकियां और धार्मिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। आज विसर्जन के साथ ही भक्तों ने





घरौंडा। भगवान परशुराम मंदिर घरौंडा में श्री गणेश उत्सव के समापन के मौके पर उमड़ी भक्तों की भीड़। फोटो: हरिभूमि



घरौंडा। भगवान गणेश का विधिविधान से पूजा-अर्चना करते भक्तगण।

## श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में शिव स्तुति, 12 से 14 सितम्बर तक

### भक्तों ने भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में रविवार को शिव स्तुति का आयोजन हुआ। भक्तों ने भोलेनाथ का पंचामृत स्नान कराया और सामूहिक आरती के साथ हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। पूजन कार्य पंडित अनिल द्विवेदी और पंडित हरीश आचार्य ने मंत्रोच्चारण व विधिविधान से सम्पन्न करवाया। मुख्य यजमान के रूप में सुरेश मदान, अनीता मदान, आकाश मदान, चारु मदान और वृत्ति मदान ने विशेष पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन हुआ, जिसमें वीना सेठ ने "पार लगा दो मेरी नैयाङ्क", अनु खट्टर ने "भोले तेरे माथे पर सज रहा चंदाङ्क" और सुशील मदान ने "मेरे बाबा ने कमाल कर दियाङ्क" जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मंदिर प्रधान रविंद्र तनेजा ने जानकारी दी कि आगामी 12 से 14 सितम्बर तक मंदिर का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें गद्दीनशीन खुशहाल दास जी प्रवचन देंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, सर्वेश, संतोष, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, रविंद्र बत्रा और सुनैना मदान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### मानवता की सेवा का भाव हर व्यक्ति में होना चाहिए, यह सर्वोत्तम कार्यः कल्याण

घरौंडा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि मानवता की सेवा का भाव हर व्यक्ति में होना चाहिए। यह सर्वोत्तम कार्य है। उन्होंने घरौंडा में अग्रवाल धर्मशाला में समाजिक संस्था की ओर से आयोजित रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का उदघाटन और शिवपुरी को ट्रैक्टर-ट्राली व रोटावेटर समर्पित करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जनसेवा के नाते समाजिक संस्था के बुलावे पर प्रबुद्ध नागरिकों का एकत्र होना दर्शाता है कि सभी के मन में मानवता की सेवा का भाव है। भविष्य में भी जनसेवा के कार्य जारी रहने चाहिएं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस का महत्त्व तब समझ आता है जब मरीज को एक-एक मिनट एक-एक दिन के बराबर लगने लगता है। मरीजों को समय पर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध होने से उनके जीवन को बचाया जा सकता है।

## विधायक ने चाय पर चर्च कर लोगों की सुनी शिकायतें, समाधान का आश्वासन

*नगर निगम के पार्षदों के साथ विचार-विमर्श कर प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य तेज गति से किए करवाएं जाने पर भी किया गया मंथन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को नेहरू प्लेस में 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम आयोजित कर जनता से सीधा संवाद किया। बड़ी संख्या में आमजन इस कार्यक्रम में पहुंचे। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का निवारण उनकी पहली प्राथमिकता है और कोई भी नागरिक सीधे उनसे अपनी समस्या साझा कर सकता है। उन्होंने कहा कि "मेरा करनाल, मेरा परिवार" की भावना से वे जनता की सेवा में समर्पित हैं।

उन्होंने बताया कि विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने और नई योजनाओं पर काम करने की प्रक्रिया जारी है। नगर निगम के पार्षदों के साथ विचार-विमर्श कर प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं।



**करनाल।** लोगों की शिकायतें सुनते विधायक जगमोहन आनंद। फोटो : हरिभूमि

### बाढ़ आपदा राहत सामग्री को किया रवाना

विधायक जगमोहन आनंद ने श्री हरि गौ सेवा संगठन और मिशन ग्रीन करनाल की ओर से एकत्रित राहत सामग्री को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किया। उन्होंने करनाल वासियों से अपील की कि अधिक से अधिक मदद के लिए आगे आएं और संकट की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों का साथ दें।

## 14 को होगा भव्य श्री श्याम संकीर्तन, बाबा कार्यक्रम में चित्र विचित्र देंगे भजनों की प्रस्तुति

- इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल शहर में आगामी 14 सितम्बर (रविवार) को श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह संकीर्तन शाम 6 बजे से आरंभ होगा, जिसमें विश्व प्रसिद्ध भजन गायक बाबा चित्र विचित्र जी महाराज श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

आयोजन समिति के संयोजक राकेश मित्तल (प्रधान), संजीव गुप्ता (उपप्रधान), पवन बंसल (महासचिव), संजय गर्ग (कोषाध्यक्ष), अजय मित्तल, नरेश गोयल, विजय गुप्ता और संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संकीर्तन में करनाल सहित पूरे हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश से हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।



### बाबा को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे

बाबा को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और दरबार को विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य मनोज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, गौरव बंसल, अर्पित गोयल, गौरव मित्तल, दीपक गुप्ता ने कहा कि संकीर्तन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने, जलपान और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## मांगों को लेकर सीएम से मिलेंगा नंबरदार प्रतिनिधि मंडल

*समस्याओं से करवाया जाएगा अवगत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री में नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच इंद्री की मासिक बैठक प्रधान मेहर सिंह नंबरदार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में नंबरदारों ने भाग लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चुनाव के वक्त नंबरदारों के साथ किए गए वायदें को पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर नंबरदारों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर से मिलने का भी निर्णय लिया। मेहर सिंह ने कहा कि नंबरदारों के सहयोग से नंबरदारों के हितों के कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने नंबरदारों पर 60 साल के नंबरदार का मेडिकल और 75 वर्ष के बाद नंबरदारों की सेवाएं समाप्त करने का पत्र नंबरदारों पर थोपकर नंबरदारों के सम्मान को कम करने का काम किया। सरकार के इस पत्र का पूरे प्रदेश में नंबरदारों द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ तो वृद्धों का सम्मान बढ़ाने का काम करने का दावा कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ 75 साल तक जनसेवा में अपनी सेवाएं दे चुके नंबरदारों को सेवामुक्त कर उनका मानदेय बंद कर रही है। इस उम्र में जब किसी भी वृद्ध को आर्थिक मदद के सहारे की ज्यादा जरूरत हो तो ऐसे में उनका मानदेय बंद करना पीड़ादायक है।



**करनाल।** इंद्री मे हुई मासिक मीटिग मे पहुंचे नंबरदार । फोटो :हरिभूमि

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

*इस मौके पर नंबरदार किरण कांबोज, राजबीर सिंह, जगपाल सिंह रोशनदीन, धर्मचन्द, सेवाराम, रामपाल कांबोज, मदन शर्मा, जोगिन्द्र सिंह, सुभाष चन्द, रमेश कांबोज, बीरभान मेहता, सुरेश, जयसिंह , राजकुमार, राजबीर सिंह, गुरदयाल सिंह व जयकुमार आदि मौजूद रहें ।*

## इनसे सीखे! माधव नेत्र बैंक ने किए 6500 से अधिक नेत्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल का माधव नेत्र बैंक पिछले ढाई दशक से निरंतर नेत्रदान सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा अब तक मृत्योपरांत 6500 से अधिक नेत्रदान करवाए जा चुके हैं। इस उल्लेखनीय सेवाकार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के लिए रविवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशेष रूप से माधव नेत्र बैंक पहुंचे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था द्वारा आयोजित नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रमों की समीक्षा की और नेत्रदान जागरूकता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि समाज में इस सेवा कार्य से न केवल अंधत्व मिटाने में सहायता मिलती है बल्कि दिवंगत व्यक्ति की आंखें किसी दूसरे जरूरतमंद की जिंदगी में प्रकाश बनकर अमर हो जाती हैं। माधव नेत्र बैंक के निदेशक डॉ. भरत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था वर्ष 2000 से निरंतर इस पुनीत कार्य में जुटी है और सैकड़ों कॉर्नियल अंधत्व पीड़ित व्यक्तियों का निःशुल्क प्रत्यारोपण करवाया जा चुका है। प्रत्यारोपण के बाद एक वर्ष तक मरीजों को दवाइयाँ भी निःशुल्क दी जाती हैं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह, सचिव डॉ. आशीष पसरीचा, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, राज्य सूचना आयुक्त संजय मदान, समाजसेवी विनीत खेड़ा, समाजसेवी भीष्म चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमन गुप्ता को अनुपम खेर ने बिजनेस लीडर अवार्ड से सम्मानित किया, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के उद्योगपति को जब किसी अवार्ड से नवाजा जाता है तो वह शहर के लोगों लिये बड़े गौरव की बात होती है। तरावड़ी शहर का नाम रोशन होता है। दिल्ली मे आयोजित बिजनेस लीडर के कार्यक्रम मे शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोट्र्स प्रा. लि. के एमडी अमन गुप्ता को अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजधानी दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में तरावड़ी के उद्योगपति एवं शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोट्र्स प्रा. लि. तरावड़ी के सीएमडी अमन गुप्ता को अभिनेता अनुपम खेर ने बिजनेस लीडर अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान अमन गुप्ता को इंडस्ट्री में उनके दूरदर्शी विजन, नवाचार और उत्कृष्ट प्रबंधन कौशल के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अमन गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरी पूरी टीम और तरावड़ी के लोगों की मेहनत व आशीर्वाद का परिणाम है। हमारा लक्ष्य भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाना है। गौरतलब है कि शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्रा. लि. आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत में एक विश्वसनीय और अग्रणी ब्रांड के रूप में पहचाना जाता है। इसके साथ ही कंपनी सेवाभाव, सामाजिक कार्यों और धार्मिक आयोजनों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। इस उपलब्धि पर तरावड़ी शहरवासियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने अमन गुप्ता को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




**करनाल।** कार्यक्रम मे सीएमडी अमन गुप्ता को अभिनेता अनुपम खेर बिजनेस लीडर अवार्ड से सम्मानित करते हुये ।

### बोले अभिनेता

इस कार्यक्रम मे सुप्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि अमन गुप्ता जैसे युवा उद्योगपति भारतीय उद्योग जगत के भविष्य की नई दिशा तय कर रहे हैं। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्रा. लि. की कार्यशैली, सेवाभाव और प्रबंधन क्षमता वास्तव में प्रेरणादायक है। अवार्ड समारोह में देशभर के दिग्गज उद्योगपतियों और नामी हस्तियों की मौजूदगी रही।

### टिकरी में बंजारा समाज का भव्य सम्मेलन, नई जिला कार्यकारिणी गठित

**करनाल।** करनाल जिले के टिकरी गांव में बंजारा समाज का भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किशोरी लाल ने अध्यक्षता की, जबकि जिला अध्यक्ष पाला राम (कलवेहड़ी) के नेतृत्व में समाज की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे इंद्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं और समाज को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला ओबीसी अध्यक्ष राजेश सैनी और ब्लॉक समिति चेयरमैन गौरव ने भी समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वादा किया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष रवि सरपंच (मैनमती), डॉ. जय कुमार (नेवल), कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रवीन (दहा), जिला प्रभारी मिहुन लाल (कलवेहड़ी), चेयरमैन सतपाल (दहा), उप चेयरमैन इलम सिंह (दलियानपुर), महासचिव पवन (टिकरी) को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## प्रताप पब्लिक स्कूल में टीमवर्क पर आधारित लघु नाटिका का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इतरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में टीमवर्क का महत्व विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया कि जब हम साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो कठिन से कठिन कार्य भी सरल हो जाता है। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने अपने प्रेरक संदेश में कहा जीवन की हर परिस्थिति में सहयोग ही सबसे बड़ी शक्ति है। यदि विद्यार्थी प्रारंभ से टीमवर्क की आदत डालेंगे, तो वे भविष्य में सफलता के शिखर तक पहुँच सकेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि टीमवर्क हमें जिम्मेदारियों का बंटवारा करना और सामूहिक लक्ष्य की ओर बढऩा सिखाता है। यही गुण एक अच्छे विद्यार्थी को सफल इंसान बनाता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा टीमवर्क केवल शिक्षा या खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की हर दिशा में सफलता की नींव है। जब हम मिलकर काम करते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से हुआ। अंत में विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि वे हर क्षेत्र में एकता में ही शक्ति है के मूलमंत्र को अपनाएँगे।




कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल स्टाफ व बच्चे

## खबर संक्षेप

### विकास एवं पंचायत मंत्री ने वेतन दान किया

**पानीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अपनी एक माह की सैलरी मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है। पंवार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सरकार अपने स्तर पर कदम उठाती है वहीं, विपदा की इस घड़ी में सर्व समाज का सहयोग भी जरूरी है। प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लोगों के अंदर एक भाव होना चाहिए।

### चैंपियनशिप में सन्नी ने गोल्ड जीता

**पानीपत।** एशिया स्पोटर्स फेडरेशन द्वारा इंडियन टाइगर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का नई दिल्ली के विकास नगर में आयोजन किया गया। जिसमें सन्नी ने 76 किलो भारवर्ग में 240 की डेडलिफ्ट ओर 155 की बेंचप्रेस का भार उठाकर चैंपियनशिप को पूरी तरह से अपने नाम कर लिया और गोल्ड मेडल जीत पानीपत व हरियाणा का नाम रोशन किया।

### एटक की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक के स्वतंत्रता सेनानी टीकाराम सखुन हाल में एटक की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला प्रधान सतीश पंवार की अध्यक्षता में हुई। जिला महासचिव पवन सैनी एडवोकेट ने की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट पर हुई चर्चा में भूपेन्द्र कश्यप, राजेन्द्र शर्मा, जमशेद मलिक, जुबेर, गुड्डू, राजेन्द्र सिंह रोड़ आदि ने विचार व्यक्त किये। सतीश पंवार ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों द्वारा संघर्षों एवं बलिदानों से प्राप्त किए गए हक अधिकारों पर हमला कर रही है।

### कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** शहर के बाईपास पुल के पास विश्वकर्मा चौक के नजदीक कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
जानकारी के अनुसार वीना नगर कैंप निवासी नरेश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित 36 वर्षीय वीना नगर कैंप निवासी अनिल कुमार शाम साढ़े छह बजे किसी काम से बाहर गया था। जब वह वापस घर लौट रहा था तो बाईपास पुल के पास विश्वकर्मा चौक के नजदीक तेज गति से आ रही सिल्वर रंग की कार ने अनिल कुमार को टक्कर मार दी।

### शिविर में 327 मरीजों के जांचे नेत्र

**यमुनानगर।** जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के कैंप में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समिति के संयोजक संजय चौधरी ने किया।
शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. राहुल गोयल सहारनपुर व डॉ. संदीप ने मरीजों की आंखों व मोतियाबिंद की जांच की। शिविर में आंखों से पीड़ति कुल 327 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जिनमें से 50 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद का दोष पाया गया, जिनके ओप्रेशन संस्थान द्वारा करवाए जाएंगे। शिविर में नेत्र के दूरदृष्टि व निकटदृष्टि दोष से पीड़ति 129 मरीजों को समिति की तरफ से मुफ्त चश्मे वितरित किए जाएंगे।

### स्कूल से छात्रा को अगवा करने की दी धमकी

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्रा को स्कूल से अगवा करने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपियों पर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन सितंबर को दोपहर दो बजे वह तथा उसकी 16 वर्षीय लड़की घर पर थे। इस दौरान उनके घर पर सोनिया, अतर सिंह व जुल्फान जबरदस्ती घुस गए।

## आईबी पीजी कॉलेज में वनडे कैंप का आयोजन

# प्रकृति का दोहन न करें, वरना बाढ़ आती रहेगी: डॉ. मलिक

प्राचार्या ने कहा कि बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि मानव जीवन और विकास के लिए एक बड़ी चुनौती भी है।

हरिभूमि न्यूज. पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थी देश भक्ति के गीत गाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा वनडे कैंप का आयोजन किया गया। वन डे कैंप का प्रारंभ स्वयंसेवक हर्षित द्वारा योग करवाकर किया गया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने स्वयं सेवकों को बताया राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझना भी है।

आज का एक दिवसीय शिविर स्वयसेवकों को अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व की भावना से अवगत करेगा। मंच का संचालन स्वयंसेवक नितिन वर्मा ने किया। तत्पश्चात डॉक्टर चेतना ने स्वयं सेवकों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सस्टेनेबिलिटी का अर्थ है आज की जरूरतों को पूरा करना, आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को बिना खतरे में डाले। प्रकृति हमें सब कुछ देती है, लेकिन उसका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। यदि हम जल, ऊर्जा और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें, पेड़ लगाएं और कचरे का सही प्रबंधन करें, तो हम एक स्वस्थ और संतुलित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ख़ुशबू ने भारत में आने वाली बाढ़ की समस्या को लेकर अपनी चिंता व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि मानव जीवन और विकास के लिए एक बड़ी चुनौती भी है।

उन्होंने स्वयंसेवकों को सुझाव दिया कि एनएसएस के माध्यम से वे राहत कार्यों में सहयोग कर सकते हैं जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाना, आवश्यक वस्तुओं का वितरण करना, जागरूकता फैलाना, तथा वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसी गतिविधियों को अपनाना, जिससे भविष्य में बाढ़ के प्रभाव को कम किया जा सके। कैंप में स्वयंसेवकों ने गायन एवं नृत्य प्रतिभा में बढ़ चढ़कर भाग लिया।शिविर के अंत में स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन और समाज कल्याण के संकल्प को दोहराते हुए शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने 'नॉट मी, बट यू' की भावना को जीवन में अपनाने और सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का वचन लिया।

# जनसेवा दल ने निर्धनों को राशन बांटा

- ससंस्कार बचपन से मां के द्वारा मिलने से संतान संस्कारवान बनती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** जन सेवा दल के ऑफिस में जरूरतमंदों को राशन भेंट करते हुए अथितिगण।

जन सेवा दल के मासिक राशन वितरण में साधनहीन कार्डधारियों को राशन प्रदान किया गया। समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी श्री अरुणदास हरिद्वार, महंत श्री राजेंद्र रतन जी कृपाल आश्रम, श्री ब्रह्मऋषि जी, श्री किशोराचार्य जी द्वारा धार्मिक प्रवचनों में विभिन्न विषयों पर ज्वलंत चर्चा हुई। स्वामी श्री अरुणदास ने कहा कि संस्कार बचपन से मां के द्वारा मिलने से संतान संस्कारवान बनती है।

श्री ब्रह्मऋषि ने कहा कि इन दिनों श्राद्ध प्रारंभ होने पर हमें अपने पूर्वजों के प्रति उनकी तिथि अनुसार श्राद्ध सेवा करनी चाहिए। धर्म प्रचारक युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का ही दूसरा नाम श्राद्ध है। महासचिव चमन गुलाटी ने कहा कि पंजाब में आई भीषण बाढ़ के प्रति जनसेवा दल अपना कर्तव्य निभाने का संकल्प ले चुका है। बाढ़ के प्रकोप में घिरे परिवारों की सहायतार्थ चीनी, चावल, दाल, आटा, चायपत्ती, आदि सामग्री की आवश्यकता है। हम अपील करते हैं कि सभी सेवा सहयोग हेतु कदम बढ़ाएं। प्रधान श्री कृष्ण मनचंदा ने आए हुए सभी अथिति व सेवकों का सत्कार किया।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर यमुना एनक्लेव से जेपी गुप्ता, केसी सैनी, अजय सिंह, राजेश शुक्ला, रोटरी क्लब साउथ से नवनीत गोयल, प.अश्विनी शर्मा, प्रतीक गर्ग, असीम शर्मा, अरुण सेठी, असीम मेहता, सुरेंद्र बजाज आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सूर सम्राट लेखराज जताना ने किया। वहीं मुख्य अतिथि अमित डुडेजा, रामनाथ शास्त्री रहे।

### विश्व जागृति मिशन के पदाधिकारियों ने बैठक की

**पानीपत।** पंचकूला में होने वाले सनातन संस्कृति जागरण अभियान के उपलक्ष्य में विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सनौली रोड स्थित श्री सिद्ध बाबा कांशीगिरी मंदिर में मीटिंग हुई। बैठक में आरएन रावल, प्रधान डॉ.जगजीत आहूजा देवराज कटारिया मनोज शास्त्री पुरुषोत्तम शर्मा, हुकम चंद शास्त्री, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, राजेश सेठी, रमेश ढींगरा, चुन्नीलाल चावला, हरीश खुराना, प्रीतम नागपाल, कैलाश लूथरा, पीसी झा, रवि, लेख राज जताना, डीएन खुगंर, भावना कटारिया, डा.पुष्पा आहूजा, मंजू रावल, कांता छाबड़ा, नीलम दत्ता, सुनीता सलूजा आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** शिव जागृति मिशन पानीपत मंडल के पदाधिकारी, अथितियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


**पानीपत।** बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित करते किन्नर महंत नैना शर्मा, आदि। फोटो : हरिभूमि

# बाढ़ पीडितों के लिए उठे किन्नर समाज के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इस समय देश में लाखों लोग बाढ़ की आपदा से त्रस्त हैं। वहीं पर अनूठी पहल करते हुए किन्नर महंत नैना शर्मा ने आटा, चावल, दाले, घी, मसाले, गद्दे, चादर व रोजमर्रा की जरूरत की चीजो को जनसेवा दल को सौंप कर बाढ़ पीड़ितों के लिए रवाना किया है। बेबी शर्मा व नैना शर्मा ने बताया कि हमारा समाज आप सभी का हिस्सा है। इस आपदा के समय हर दुख में पूरा किन्नर समाज जहाँ तक मदद हो सकेगी जरूर करेगा। महंत नैना शर्मा ने बताया की पहले भी वो बाढ़ पीड़ितों की सहायता कर चुके हैं। नर सेवा नारायण सेवा को महत्व देते हुए हमेशा सेवा में तत्पर रहते है। इस अवसर पर किन्नर समाज से सानिया, आलिया, डिम्पल व सुरभि आदि उपस्थित रहे।

### दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान करना जरूरी

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में 29वें रक्तदान मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं मुकंद शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। रक्तदान मेले में एम्स दिल्ली की ओर से डॉक्टर हेमंत के नेतृत्व में आई चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। इस दौरान रक्तदान मेले में रक्तदाताओं से 170 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान मेले में कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों व क्षेत्र के युवाओं ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। मुख्यातिथि एवं मुकंद शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने कहा कि कुछ समय पहले लोग रक्तदान करने में संकोच करते थे। लेकिन आज का युवा रक्तदान मेलों में बढ़ चढ़कर रक्तदान करता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करने से मनुष्य समय रहते किसी जरूरतमंद इंसान को अपना खून देकर उसकी जान बचा सकता है।

# रसिक जन भगवान की पूजा नहीं सेवा करते रहते हैं : विचित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** श्री भक्तमाल कथा करते हुए चित्र विचित्र महाराज।

श्री राधा कृष्ण परिवार सेवा समिति द्वारा श्री भक्तमाल तीन दिवसीय कथा का आयोजन मॉडल टाउन स्थित सनातन धर्म मंदिर में किया गया। इसमें वृंदावन धाम से बाबा चित्र विचित्र जी महाराज ने दूसरे दिन की कथा का जय जय राधा वल्लभ श्रीहरिवंश जय जय श्री वृंदावन जीवनचंद कीर्तन के साथ शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जब किसी वैष्णव की कृपा, गुरु की कृपा हमारे ऊपर होती है तभी हमारा मन वृंदावन धाम की ओर लगता है और भगवान श्री कृष्णा में लगता है। रसिकजन केवल एक ही नाम का जाप करते रहते हैं वह है श्री राधा श्री राधा श्री राधा नाम का भजन करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि वृंदावन धाम में रसिक जन भगवान की पूजा नहीं करते वह भगवान की सेवा करते रहते हैं। कभी प्रसाद सेवा, बाल सेवा, भोग सेवा, प्रातः कालीन सेवा व रात्रि सेवा। कथा में आज महाप्रभु हरिवंशचन्द्र प्रकट उत्सव मनाया और बधाई गाई। कथा के अतिथि सियाराम गुप्ता, महेंद्र मुंजाल,राहुल विज, सुनील कंसल, समुंदर जागलान थे। इस अवसर पर रमेश जांगड़ा, श्रीनिवास वत्स, संजय सिंह, कपिल गोयल,अंकित गोयल, प्रदीप झा, सुनील शर्मा, आजाद सिंह, जयकुमार, गोपाल रोहिल्ला, बबलु राणा, विकास शर्मा, आशु गुप्ता, राजेश सैनी, अमरनाथ वर्मा, हरीश, प्रवीण गुप्ता व रिंकू बंसल आदि मौजूद रहे।


**पानीतप।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ पूर्व मेयर अवनीत कौर आदि। फोटो : हरिभूमि

# जरूरतमंद छात्र का दाखिला करवाया

- अक्षत ने वादा किया कि वह मेहनत के साथ शिक्षित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

शिक्षा से वंचित रहे ना कोई अभियान को गति देते हुए गरीब परिवार सहायता समिति के प्रयासों से छात्र अक्षत का आर्य पीजी कॉलेज में बीकाम तृतीय वर्ष में दाखिला करवाया गया। समिति सदस्य एवं पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि यह कदम न केवल अक्षत के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण भी है। वहीं इसके लिए उन्होंने विशेष धन्यवाद आर्य पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल डा.जगदीश गुप्ता का जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह संभव हो पाया है। वहीं अक्षत ने वादा किया कि वह मेहनत के साथ शिक्षित होगा और देश, मानवता व समाज की सेवा करेगा।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए सभी आगे आएं : कल्याण


- एमजेआर स्कूल में संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील की है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करें। वहीं देश, समाज, मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। जातिपाति से ऊपर उठकर समाज व राष्ट्र हित तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

हरविन्द्र कल्याण एमजेआर स्कूल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर, शॉल ओढ़ाकर व पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया।

वहीं स्पीकर हरविन्द्र कल्याण का पगड़ी और श्री कृष्ण भगवान की स्मृति चिन्ह और फूल मालाओं और शाल ओढ़ाकर मा. सुमेर सिंह, डा. सोहन लाल खुखराना, मुकेश रावल, कंवर रविंद्र सैनी, महेंद्र खैंची, विक्की, प्रवीन आदि ने स्वागत किया।


**पानीतप।** हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को सम्मानित करते डा.सोहन लाल। फोटो : हरिभूमि


**पानीतप।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खेल बाजार में अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

# कुरीतियों का त्याग कर आर्य समाज को अपनाएं: श्वेता

**पानीपत।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खेल बाजार में आयोजित त्रिदिवसीय संगीत मय वेद कथा कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंतिम सत्र की शुरुआत श्रेष्ठ कर्म यज्ञ के साथ हुई। समाज के ब्रह्मा ने पूर्णाहुति से यज्ञ पूर्ण किया।

अम्बाला से विशेष रूप से आमंत्रित विदुषी श्वेता आर्य ने अपने भजनों से कार्यक्रम को सुशोभित किया। वेद प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शास्त्री ने वैदिक संदेश देकर सभी को अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के सभी अतिथियों का ओम की मोती माला से स्वागत किया गया। समाज के प्रधान राजेश आहूजा ने सभी आए लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की समाप्ति शांति पाठ से कराई गई और ऋषि लंगर का प्रसाद सभी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर बलराज एलावाधी, सुनील बत्रा, अशोक वर्मा, महेंद्र ढींगरा, प्रमोद आर्य, पंकज आर्य, राजेश आर्य, ललित वर्मा, कमलेश लीखा, मोनिका डावर, शबनम वर्मा, कविता भाटिया, लक्ष्मी बत्रा व राज भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## हर्ष गार्डन नूरवाला में श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड की आम बैठक आयोजित

# आयोजन से पहले सभी प्रमुख मार्गों की करवाई जा रही मरम्मत

- यमुना एनक्लेव गेट नंबर एक के सामने स्थित बड़े मैदान में मनाया जाएगा दशहरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** श्रीराम दशहरा कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान भीम सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड की आम बैठक प्रधान भीम सचदेवा की अध्यक्षता में हर्ष गार्डन नूरवाला में हुई। बैठक में दशहरा कमेटी के पूर्व उपप्रधान स्व.राजिंद्र ग्रोवर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया। महासचिव सुभाष गुलाटी ने बताया कि इस वर्ष दो अक्टूबर को दशहरा महोत्सव यमुना एनक्लेव गेट नंबर एक के सामने स्थित बड़े मैदान में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन स्थल का नक्शा आर्किटेक्ट द्वारा तैयार किया गया है। प्रवक्ता भूषण मदान ने बताया कि इस वर्ष के निमंत्रण पत्र में भगवान श्रीराम और श्री हनुमान जी के स्नेह का भावपूर्ण चित्रण किया गया है। राकेश आनंद ने बताया कि आयोजन से पहले सभी प्रमुख मार्गों की मरम्मत करवाई जा रही है और पूरे मार्ग को तोरण द्वारों और सजावट से अलंकृत किया जाएगा। श्रीराम सेवादल के प्रधान हरबंस आनंद ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर त्योहार को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। प्रधान भीम सचदेवा ने बताया कि जिला प्रशासन से कार्यक्रम की पूर्ण अनुमति प्राप्त हो चुकी है और यह आयोजन सुरक्षा व व्यवस्था के सभी मानकों के अनुसार किया जाएगा। मीडिया प्रभारी सुनील थम्मन ने कहा कि इस कमेटी की नींव हमारे बुजुर्गों ने रखी थी और आज युवा वर्ग भी पूरी श्रद्धा और ऊर्जा से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में मनोहर लाल शर्मा, राजकुमार जैन, सुनील चोपड़ा, राधेश्याम नासा, सुभाष बठला, दिनेश खुराना, लोकेश झांब, सतीश सुखीजा, रमेश सतीजा, विपिन बजाज, गुलशन शर्मा, भीम सैन, सोम मदान, पूर्ण चंद, मोहिंदर खत्री, सचिन वधवा, लाजपत मल्होत्रा, प्रीतम बत्रा, राम स्वरूप चावला, पंकज त्यागी, महेश इंद्र कुमार, मदन मदान, रंजीत भयाना, राजेंद्र पोपली, भरत बुद्धिराजा, कमल नैन वर्मा, तरुण आहूजा, एकांश नासा, मोहित मिगलानी, अर्पित थम्मन, अशोक कालड़ा, कमल आहूजा, सोमनाथ मदान, चंद्र आर्य, अमर मिगलानी, प्रेम मदान, हरीश खत्री, रजनीश गुप्ता, हीरा मल्होत्रा, गुलशन आनंद, चिमन गुलाटी व संजय मदान आदि उपस्थित रहे।

